फा0 सं0 01–04/जीए/2019–एफएसएसएआई

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रलाय

तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड

नई दिल्ली–110002

दिनांक 11.08..2020

निविदा सूचना

एम.एम.यू बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002 में संपूर्ण इंटीरियर, फर्नीचर और फिक्स्चर, एअर कंडिशनिंग सिस्टम, लिफ्टों और अन्य विविध कार्यों सहित फर्निश्ड ऑफिस स्ट्रक्चर बनाने तथा सिविल कार्यों के लिए निविदाओं का आमंत्रण

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.एआई) माता सुंदरी रोड, नई दिल्ली–110002 स्थित मास मेलिंग यूनिट कंप्लेक्स के मौजूदा भवन के टीरेस फ्लोर पर छोटे इंटीरियर कार्य करने, कस्टमाइज्ड फर्नीचर और फिक्श्चर लगाने, नई लिफ्टें, एअर कंडिशनर लगाने और अल्प भार वाली सामग्री (एलजीएसएफ ढ़ाँचा) का प्रयोग करते हुए अतिरिक्त फ्लोर एरिया के निर्माण/संस्थापन और अन्य संबंधित कार्यों के लिए इस आरएफपी के भाग–2 में लिखित विवरण के अनुसार प्रसिद्ध और अनुभवी ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित करती है।

02. निविदाएँ दो भागों, अर्थात् तकनीकी और वाणिज्यिक/मूल्य निविदा के रूप में प्रस्तुत की जाएँ। तकनीकी निविदा में ईएमडी, सभी शर्तों और निबंधनों को स्वीकार करते हुए वचन–पत्र, अर्हता प्रलेख, निविदा प्रलेख की लागत और मूल्य निविदा शामिल हों, जो इस आरएफपी के साथ संलग्न निर्धारित प्रपत्र अर्थात् अनुबंध–5 के अनुसार होंगे। कृपया मुहरबंद लिफाफे पर उपर्युक्त शीर्षक, आरएफपी संख्या और निविदा खोलने की तिथि लिख दें, जिससे निविदा अवैध घोषित न हो।

03. निविदा प्रलेख (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियाँ, निबंधन और शर्तें हैं, निविदा की लागत के रूप में रु. 100/– (एक सौ रुपये मात्र) के डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में अथवा नकद भुगतान करके जीए प्रभाग, एफ.एस.एस.ए.सआई, तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली से प्राप्त किया जा सकता है। डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के नाम नई दिल्ली में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में देय हो। विकल्पतः निविदा प्रलेख को एफ.एस.एस.ए.आई की वेबसाइट www.fssai.gov.in अथवा सीपीपी पोर्टल

www.eprocure.gov.in/epublish/app से निविदा प्रलेख की लागत का भुगतान करके और निविदा उपर्युक्त अनुसार प्रस्तुत करके डाउनलोड किया जा सकता है।

04. विधिवत् रूप से भरा हुआ निविदा प्रलेख संबंधित आधार प्रलेखों के साथ सहायक निदेशक (जीए), एफ.एस.एस.ए.आई, तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002 को प्रस्तुत किया जाए। निविदा प्रलेख के साथ बयाना जमा राशि (ईएमडी) के रूप में रु. 20,00,000/– (रुपये बीस लाख मात्र) (ब्याजरहित) के डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ **03 सितंबर, 2020 के 11:00 बजे तक अथवा उससे पहले** प्रस्तुत किया जा सकता है। ईएमडी के रूप में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के नाम दिल्ली/नई दिल्ली में देय हो। कृपया नोट करें कि वैध एम.एस.एम.ई पंजीकरण वाले निविदादाताओं को ईएमडी देने से छूट है।

05. **पत्राचार का पता :** सहायक निदेशक (जीए), भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई), तीसरी मंजिल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली–110002.

सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन)

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण